संख्या- 3/2015/1524/49-3-2014-173/2014

प्रेषक,

शैलेश कृष्ण,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निबन्धक,
सहकारिता,उ0प्र0,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक: 02फरवरी, 2015

विषय- उत्तर प्रदेश विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0, लखनऊ में श्रेणी-3/4 के रिक्त पदों पर भर्ती की स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपने पत्र संख्या-176/शीत0, दिनांक 05 दिसम्बर, 2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें ।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0(पैकफेड), लखनऊ में श्रेणी-3/4 के निम्नलिखित सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती करने हेतु कार्मिक विभाग के शासनादेश संख्या-20/1/91-का-2-2012, दिनांक 15-03-2012 जिसमें भर्तियों पर रोक लगायी गयी है, से छूट प्रदान की जाती है :-

श्रेणी-3	
1- अवर अभियन्ता (सिविल)	31 पद
2- उप प्रबन्धक (लेखा)	01 पद
3- आशुलिपिक	04 पद
4- लिपिक टंकक/कम्प्यूटर आपरेटर	07 पद
श्रेणी-4	
5- सहयोगी/चौकीदार	19 पद
कुल योग -	62 पद

3- प्रश्नगत पदों पर भर्ती के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही संस्था की आर्थिक स्थिति/संसाधनों के दृष्टिगत न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर उ0प्र0सहकारी समिति अधिनियम 1965/ उ0प्र0 सहकारी समिति नियमावली, 1968 में दी गयी व्यवस्था/प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित की जाये तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि इस प्रक्रिया में राज्य सरकार का कोई अतिरिक्त व्ययभार न आये।

4- क़पया तद्नुसार प्रकरण में नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

शैलेश कृष्ण
प्रमुख सचिव।

--2/--

http://shasanadesh.up.nic.in

पृष्ठांकन संख्या- 3/2015/1524(1)/49-3-2014,तद् -दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित: --

1- प्रबन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0(पैकफेड), लखनऊ।
2- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2/ कार्मिक अनुभाग-2
3- सहकारिता अनुभाग-2
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शोभ नाथ बिन्द)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in